तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 नवंबर 2024

10 पीएम आवास योजना में 31 अगस्त तक के निवासियों को मिलेगा मकान

11 शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने से पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है: ललित




# भिलाई निगम सफाई कर्मियों की उपस्थिति को सत्यापित करेंगे अब वार्ड पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निगम भिलाई के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद 15 कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। विशेष कर प्रत्येक वार्ड में निर्धारित सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को सत्यापित करने का निर्णय लिया गया। वार्ड पार्षद अब सफाई कर्मियों की उपस्थिति को सत्यापित करेंगे।

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए टेंडर स्वीकृति

एमआईसी ने वार्डो में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए कार्य आधारित निविदा के संबंध में चर्चा की। नेहरू नगर जोन-1 में वार्ड 1 से 8 तक एवं वार्ड 9 से 18 तक। वैशाली नगर जोन-2 में वार्ड 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27 एवं 21, 22, 23, 24, 25, 28, 29 तक। मदर टेरेसा नगर जोन-3 में वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 तक। शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन-4 में वार्ड 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44 एवं वार्ड 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 तक। सेक्टर 06 जोन-5 में वार्ड 69 का 1/2 भाग एवं 70 तक के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही सफाई करने वाली संबंधित एजेंसी के नियम एवं शर्तो की जानकारी अगले महापौर परिषद की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा गया।

## सफाई व्यवस्था पर एमआईसी का बड़ा निर्णय

### सामान्य सभा में रखा जाएगा टेंडर

उपरोक्तानुसार समस्त वार्डो में सफाई कार्य को सुचारू रूप से संपादित कराये जाने के लिए प्रकरण एमआईसी के बाद सामान्य सभा से स्वीकृति के बाद ही मूर्त रूप लेगा। तब तक के लिए नवीन कार्यादेश होने तक कार्य की निरंतरता बनाये रखने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। उल्लेखनीय है कि पिछले सामान्य सभा में सफाई टेंडर को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद पार्षदों की एक समिति भी सफाई व्यवस्था की जांच के लिए बनी लेकिन इसमें भी विवाद खड़ा हो गया।




### इन प्रस्ताव को भी मंजूरी

नगर निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु आगामी निविदा होने तक सुरक्षागार्ड व्यवस्था 30 नवंबर तक के लिए समय वृद्धि, देयक एवं वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी दी गई है। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्फर उपलब्ध कराने हेतु आगामी निविदा होने तक यह समयावृद्धि एवं अतिरिक्त व्यय राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ये हुए शामिल

महापौर परिषद के बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती मालती ठाकुर, नेहा साहू एवं निगम के अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, अभियंता आर.एस.राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी, लेखाधिकारी सी.बी.साहू आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संविधान पर आईआईटी ने लगाई प्रदर्शनी



**भिलाई।** संविधान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में परिसर समुदाय में संवैधानिक मूल्यों की भावना और लोकाचार को स्थापित करने के लिए, आईआईटी भिलाई ने 1 भारत की संविधान सभा पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आईआईटी भिलाई समुदाय ने इसमें पूरे जोश के साथ भाग लिया। प्रदर्शनी में संविधान सभा की बैठक के ऐतिहासिक क्षणों की तस्वीरें शामिल हैं। यह प्रदर्शनी 26 नवंबर तक प्रदर्शित की जाएगी। यह प्रदर्शनी संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र द्वारा आयोजित की गई है।

### ट्रेन में दो किलो गांजा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शराब और गांजा के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बीच तस्करों की सक्रियता कम होने का नाम नहीं ले रही है। नेशनल हाईवे के बजाय तस्करों ने अब ट्रेनों के जरिये गांजा और शराब की अवैध तस्करी का गोरखधंधा शुरू कर दिया है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेनों के जरिये अवैध शराब और गांजा की लगातार शिकायतें सामने आने के बाद नागपुर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक ने रेल गाड़ियों में कार्यरत टीटीई स्टाफ को टिकिट चेकिंग के अलावा ड्यूटी के दौरान यात्रियों की शिकायतों का निदान, अनाधिकृत वेंडरों व अन्य अनियमितताओं पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### घटना: तीन ठेका श्रमिक आए गैस की चपेट में, अस्पताल में भर्ती

# बीएसपी में गैस रिसाव के सुझावों पर अमल नहीं, इसलिए हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। दोपहर गैस रिसाव से तीन ठेका मजदूरों के बेहोश होने की प्रबंधन को जानकारी मिलने में यदि विलंब होता तो गैस रिसाव का दायरा और पीड़ितों की तादाद बढ़ सकती थी। गैस रिसाव से प्रभावित तीन मजदूरों में दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद प्रबंधन ने बीएफ - 6 के रिसाव स्थल की घेराबंदी कर दी है और एहतियातन फौरी प्रयास शुरु कर दिए हैं वहीं यूनियनों ने गैस रिसाव प्रभावितों के समुचित इलाज और जांच की मांग प्रबंधन से की है। साथ सुरक्षा प्रयासों को बढ़ाने की भी मांग की है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में आज उस समय दहशत फैल गई जब गैस रिसाव से तीन ठेका मजदूरों की तबियत बिगड़ने की खबर लगी। मजदूर ब्लास्ट फर्नेस 6 के कैपिटल रिपेयर काम में लगे थे। इस दौरान वे गैस रिसाव की चपेट में आ गए। दोपहर 1,30 बजे ठेका मजदूर मो. मेराज (36), हरिचरण (47) और मोहनलाला गुप्ता ( 57) काम खत्म कर लंच के बाद धमन भट्ठी परिसर के निकट लेटकर रेस्ट करने लगे। एकाएक तीनों की हालत बिगड़ने लगी। व्याकुल होकर वे उलटियां करने लगे और बेहोश हो गए। आसपास काम करने वाले कर्मियों से इसकी जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों ने तत्काल आपदा प्रबंधन टीम के साथ एंबूलेंस मौके पर भेजी। तीनों श्रमिकों को पहले संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट भेजा गया। लेकिन हालत गंभीर देख उन्हें तत्काल सेक्टर नौ अस्पताल उपचार के लिए रवाना किया गया। तीनों को बीएफ गैस लगने के कारण सांस लेने मे तकलीफ हो रही थी। उन्हें तत्काल सेक्टर नौ अस्पताल भेजा गया। उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। दो श्रमिक मो. मेराज की हालत गंभीर व एक की हालत में सुधार होना बताया जा रहा है। बताते हैं मेन मेडिकल पोस्ट में ल दो अन्य मजदूरों भी लाया गया था पर चेकअप के दौरान गैस सामान्य पाए गए। घटना के बाद बीएफ - 6 के घटना स्थल पर घेराबंदी कर दी गई है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक मजदूरों को बीएफ गैस लगने से आईसीयू में भर्ती कराया गया है। दो की सेहत ठीक है और सुधार की स्थिति में हैं और एक मजदूर को विशेष देखरेख में रखा गया है।


घटना स्थल की फोटो

### पहले भी हुए हादसे, सुझाव ठंडे बस्ते में

बीएसपी में इसके पहले भी कई बार गैस रिसाव के हादसे हुए हैं जिनमें कई कर्मचारियों व अधिकारियों व मजदूरों की मौत हो चुकी है। बीएसपी की जांच की जांच के साथ कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट व सुझाव भी दिए लेकिन गैस रिसाव के घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। 12 जून 2014 को ब्लास्ट फर्नेस के पंप हाउस-2 में कार्बन मोनो आक्साइड गैस के रिसाव से दो डीजीएम, एक फायर अफसर, दो बीएसपी कर्मचारी और एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई थी। तब भी जिला प्रशासन ने एडीएम सुनील जैन के नेतृत्व में मजिस्ट्रियल जांच कमेटी की घोषणा की थी। इसमें मात्र एक अफसर पर कार्रवाई हुई थी। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट की रिपोर्ट सौंपने की खानापूर्ति मात्र हुई। इस घटना के पूर्व 17 जून एसएमएस -टू के कनवर्टर शांप के बूस्टर फेन रिपेयर के दौरान भी गैस रिसाव से 6 कर्मी प्रभावित हुए थे। इसके बाद 2018 में कोकओवंस में गैसर रिसाव से 14 कर्मियों व मजदूरों की मौत हुई थी। यूनियनों के मुताबिक गैस रिसाव घटनाओं पर कलेक्टर व औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा उप संचालक ने जांच कमेटी बना सुझाव दिए थेबावजूद इसके गैस रिसाव की घटनाएं थम नहीं रही हैं।



### यूनियनों ने जाना मजदूरों का हाल, सेफ्टी की मांग

घटना के बाद ब्लास्ट फर्नेस 6 के घटना स्थल पर घेराबंदी कर दी गई और जांच के आदेश दिए जाने की जानकारी मिली है। इधर घटना के बाद यूनियनों के लोग सेक्टर नौ हास्पिटल पहुंचे। परिजनों से मिलकर गैस प्रभावित का हाल जाना और डाक्टरों व प्रबंधन तथा ठेकेदारों से बेहतर इलाज व सेफ्टी चौकसी निर्धारित मानक 50 पीपीएम के बजाए 150 पीपीएम गैस होना बताया जा रहा है। वहीं गैस संभावित क्षेत्र के चेतावनी सूचना बोर्ड लगे होने के बाद भी मजदूर वहां कैसे बैठे रहे, यूनियनें सवाल उठा रही हैं। इंटक, सीटू व बीएमएस के अलावा बीडब्ल्यूयू के उज्जवल दत्ता ने भी श्रमिकों के परिजनों से मिल बेहतर इलाज की मांग प्रबंधन व ठेकेदारों से की। वहीं इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने गैस रिसाव की घटना की जांच और सेफ्टी बढ़ाने की मांग की है।

# मवेशी तस्करी करते दो ट्रक जब्त, पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने पांच को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 16 मवेशियों को ट्रक से जब्त किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु पासिंग की दो ट्रक टीएन 79 ए.जे. 0178 ,टीएन 29 सीडब्ल्यू 7345 को जब्त किया है। आरोपियों में जिला रानीपेट तमिलनाडू एम. जनक राज , जिला धर्मापुरी तमिलनाडू

- सुपेला थाना क्षेत्र की घटना, सूचना पर पुलिस ने पकड़ा

जी. श्रवण , जिला बंगलौर ईस्ट कर्नाटक हरिश बी., थाना हल्लालाहल्ली जिला बंगलौर ईस्ट श्रीनिवास वाय, थाना रूलर जिला कोलार कर्नाटक सैय्यद जहांगीर को पकड़ा गया है। दोनों चालक अपने ट्रक में मवेशियों को भरकर नागपुर कत्लखाने ले जा रहे थे। दो ट्रकों में भरी गाय, बछड़ा, बछिया जब्त किया है। 12 नवंबर की रात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो ट्रक में मवेशी तस्करी कर कत्लखाना ले जा रहे थे। सुपेला पुलिस ने कोसा नगर टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन दोनों ट्रक को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 16 मवेशियों को कत्लखाना लेकर जा रहे थे। ट्रक से जब्त मवेशियों का चेकअप भी कराया गया। जिसे गौठान कोसानगर में भेजा गया है। लंबे समय से मवेशियों की तस्करी भिलाई-दुर्ग में दिगर जिले से आने वाले वाहनों के द्वारा किया जा रहा है। तस्करी देर रात से किया जाता रहा है। सूचना मिलने पर ही पुलिस कार्रवाई कर पाती है।




# पुजारी के साथ गाली गलौज पुलिस ने दो युवकों का पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मंदिर परिसर और पुजारी के साथ गाली गलौज मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कोहका स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीराम पाण्डेय सालों से पुजारी का काम करते आ रहे हैं। एक महीने से कोहका निवासी रविन्द्र राय, दिनेश राय नामक दोनों युवक शराब के नशे में यहां बैठकर गाली गलौज करते है। पुजारी ने इसे लेकर विरोध भी जताया लेकिन पुजारी के साथ ही उल्टा विवाद कर जान से मारने की धमकी दी। मंदिर समिति के लोगों के समझाने के बाद भी रविन्द्र और दिनेश नहीं सुधरे बल्कि लगातार पुजारी को इसी तरह परेशान करते रहे। मंदिर समिति से जुड़े भाजपा नेताओं ने सीसीटीवी फुटेज के साथ एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर,स्मृति नगर चौकी प्रभारी वंदिता से शिकायत किया। चौकी में मंगलवार की रात हल्ला मचाने के बाद पुलिस हरकत में आई और दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर युवकों को गिरफ्तार किया।

### प्रदर्शन के बाद ही गिरफ्तारी

देर रात कुछ लोगों द्वारा चौकी के भीतर घुसकर दोनों की गिरफ्तारी करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके अलावा चौकी प्रभारी को चेतावनी दी थी कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक मंदिर के पट नहीं खुलेंगे। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दिनेश और रविन्द्र दोनो का फूटेज पुलिस को मिल गया था।

## संपत्तिकर जमा करने पर दो प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन,भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन व भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 हेतु देय संपत्तिकर पर 30 नवम्बर तक एकमुश्त भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट दे रही है। नगर निगम भिलाई के 5 जोन में एवं मुख्य कार्यालय में कार्यायलयीन अवधि में करदाता संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। यह सुविधा सभी प्रकार के संपत्ति कर करदाताओं के लिए है। जिसका भवन,भूमि स्वामी लाभ उठा सकते है। संपत्ति करदाता जानकारी के अभाव में मार्च महीने में संपत्ति कर जमा करने आते हैं। इस दौरान उनके संपत्ति जमा करने वाली राशि पर ब्याज लिया जाता है। उससे अच्छा है समय से संपत्ति कर जमा करके दो प्रतिशत का लाभ उठाएं। भवन मालिक अपने भवन का संपत्तिकर की स्थिति जानने के लिए हेल्पलाईन व व्हाट्सअप नम्बर 9153986401 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# पावरहाउस सेक्टर -3 ओवरब्रिज के नीचे अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पावरहाउस सेक्टर -3 ओवरब्रिज के नीचे की लाइटें कई महीने से बंद हो गई है। लाइट बंद होने से ब्रिज इस हिस्से का इस्तेमाल असामाजिक तत्व करने लगे हैं। शाम होते ही यहां पर नशेड़ी लोगों का जमघट लगना शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता है। यहीं नहीं यहां पर युवक-युवतियों का डेरा भी लगने लगा है। इससे आसपास के सेक्टरवासियों का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है।


शाम होते ही नशेड़ी युवक-युवतियों का डेरा

### अंधेरे की वजह से छीनाझपटी की घटनाएं

पावरहाउस ओवरब्रिज सेक्टर 3 से होते हुए खुर्सीपार गेट के लिए जाती है। ओवरब्रिज के ऊपर की लाइट तो जल रही है लेकिन नीचे की लाइट बंद हैं। लाइट बंद होने की वजह से नीचे की सड़क पर पूरी तरह अंधेरा छाया रहता है। ब्रिज के इस हिस्से से ही दुपहिया वाहन , कार से आवाजाही करते हैं। अंधेरे में असामाजिक तत्व बैठकर नशा करते मिलेंगे। रहवासियों ने बताया कि कई बार नशेड़ी युवकों ने लोगों का रास्ता रोककर छीना-झपटी भी कर चुके।

### महिलाओं व बच्चों का गुजरना हुआ दूभर

सेक्टर 3 के रहवासी इस सड़क पर इवनिंग वॉक के लिए निकलते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे होते हैं। असामाजिक गतिविधियां बढ़ने की वजह से यहां से महिलाओं व बच्चों का गुजरना दूभर हो गया है। वे बताते हैं कि यहां से गुजरने पर बैठे युवक-युवतियां गांजे और शराब का सेवन करते हैं। ब्रिज के नीचे गौठान भी है। गौठान में मवेशियों को चारा देने या बची हुई चीजें देने के लिए जाते हैं तो ये लोग फिकरें कसते हैं।

### ट्विनसिटी में सजा गरम कपड़ों का बाजार, ठंड बढ़ने का कर रहे इंतजार

# तीन दिन बाद बढ़ेगी ठंड, न्यूनतम तापमान 17 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नवंबर महीने चलने के बाद भी गुलाबी ठंड का एहसास नहीं हो पा रहा है। सुबह और शाम को ही ठंड पड़ती है। दोपहर को सूर्य की तपिश से गर्मी की स्थिति है। पिछलें साल इस समय तक ठंड अधिक पड़ने लगी थी। इसलिए लोगों को इसका इंतजार है। हालांकि दीवाली और देवउठनी पर्व के बाद तापमान में नमी बढ़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले तीन दिनों के बाद ही तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। इससे ठंड बढेगी।



### ठंड व गर्मी से सेहत पर पड़ रहा असर

मौसम में बदलाव आने से लोगों के सेहत पर भी प्रभाव पड़ने लगा है। लोगों को सिरदर्द, बदन दर्द, बैचेनी और मिचली आने की शिकायतें हैं। ऐसे मरीजों की संख्या जिला अस्पताल, सुपेला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिकों में बढ़ी है। डॉक्टरों के मुताबिक गर्मी और ठंड के मिलाजुला असर की वजह से ऐसी बीमारी लोगों को घेर रही है।

### दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा

मौसम विभाग ने बुधवार को भिलाई-दुर्ग का तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। यह सामान्य से 0.06 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वातावरण में नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, फिर भी मामूली गिरावट संभावित है। मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### गर्म कपड़ों का सजा बाजार

आने वाली ठंड के मद्देनजर ट्विनसिटी में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। सेक्टर 6, पावरहाउस में गर्म कपड़ों के स्टॉल लगाए गए हैं। पावर हाउस में हर साल तिब्बती यहां अपने राज्यों से स्वेटर आदि गरम कपड़े लेकर आते हैं। इस बार भी वे यहां आ गए हैं। लेकिन कारोबार ठंडा पड़ा हुआ है। ठंड नहीं होने की वजह से लोग इन बाजारों में खरीदारी के लिए नहीं पहुंच रहे हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### सहायक कलेक्टर को सौंपा गया प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव (भा.प्र.से.) सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहायक कलेक्टर श्री भार्गव (भा.प्र.से.) को प्रशिक्षण अभ्यास हेतु 11 नवंबर से 22 दिसंबर 2024 तक छः सप्ताह की अवधि के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में सोनाल डेविड अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### चतुर्भुजी मंदिर में मेला 15 को

**दुर्ग।** धमधा से पांच किमी दूरी पर शिवनाथ नदी किनारे बसे बारहवी शताब्दी के प्राचीन चतुर्भुजी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी 15 नवंबर को मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रातः चार बजे से होने वाले इस आयोजन में श्रध्दालु स्नान, दानकर पूजा अर्चना करने बडी संख्या में पहुंचते हैं। पंडित नरसिंह शर्मा ने बताया कि, यह स्वयंभू मूर्ति हैं। मूर्ति में विष्णु भगवान के बाहर अवतार का वर्णन हैं।

### बहराणा साहेब की शोभायात्रा में शामिल हुए वोरा

**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई में सर्व सिंधी समाज द्वारा पूज्य बहराणा साहेब की 1313 ज्योति कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा की शुरुआत सुबह 8 बजे शिवनाथ नदी रोड स्थित पंचवटी मांगलिक परिसर से हुई। शोभायात्रा में विशेष रूप से शदाणी दरबार रायपुर के संत साई युधिष्ठिर लाल, सिंधु अमरधाम आश्रम चकरभाठा बिलासपुर के साई लालदास और सिंधी समाज के कई अन्य संत मौजूद रहे। कार्यक्रम से पूर्व पंचवटी मांगलिक परिसर में संतों का भव्य अभिनंदन किया गया। शाम 5 बजे से सिंध म्यूजिकल ग्रुप ग्वालियर द्वारा संगीतमय सत्संग की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा भी शामिल हुए। जहां उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। श्री वोरा ने भव्य आयोजन के लिए सिंधी समाज के आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने नारायण मेघवानी, ज्ञानचंद रुचंदानी को धन्यवाद दिया।

### नाबालिग को भगाया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं शादी करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग को महाराष्ट्र से बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 28 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला द्वारा पूर्व में धारा-137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपहता व अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं विवेचना किया जा रहा था। इस मामले में गैंदाटोला पुलिस द्वारा अपहता को आरोपी शिवाराम पटेल 26 निवासी ग्राम मिनमिनिया जिला कबीरधाम के कब्जे से उरली कंचन पुणे महाराष्ट्र राज्य से 11 नवंबर को बरामद कर परिजन के साथ थाना लाया गया।

# पहले दिन 1611 किसान बेचेंगे धान, तराजू और कैमरे नहीं लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

समर्थन मूल्य पर आज जिलेभर के 1611 किसान 76 हजार क्विंटल से अधिक का धान बेचेगें। पहले दिन सोसायटियों में तैयारियों को लेकर आपाधापी की स्थिति निर्मित रही। कई केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे नही लगाए गए है, वहीं इलेक्ट्रानिक तराजू मशीन का भी अभाव रहा।

बहरहाल हडताल पर गए सोसायटी कर्मचारी एक दिन पहले ही हडताल से लौटे हैं, ऐसे में तैयारियों की कमी केन्द्रों में बनी रही। हरिभूमि द्वारा थनौद व आलबरस सोसायटी में निरिक्षण किया। थनौद में पाया गया कि, तीन इलेक्ट्रानिक मशीन तो खरीदे गए है, लेकिन कैमरे नही लगे, प्रबंधक राजकमल साहु का कहना था कि आर्डर दिया गया है। इसी तरह आलबरस सोसायटी में भी पुराने तीन ई मौल मशीन मिले, कैमरे लगे पाए गए। वही राजपूर, भेडसर, पेंड्री और भोथा केन्द्र में भी देर शाम ई तौलाई मशी नही मिले। इन केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे भी नही लगाए गए है। इधर मार्कफेड द्वारा बारदान कम भेजा गया है। हांलाकि शुरूआती दौर के लिए बारदाना भेजे गए है। लेकिन आगामी दिनों सोसायटी में बारदाने की परेशानी होगी।

**खास बातें**

- जिले के 102 केन्द्र में होगी खरीदी
- एक लाख 14 हजार से अधिक किसान पंजीकृत
- केन्द्रो में पहुंचा बीस लाख बारदाना, डिमांड लगाता जारी

## जिले के धान खरीदी केन्द्रो में पहले दिन गिनती के किसानों ने लिया टोकन

### इस बार सौ फीसदी आनलाइन टोकन

पिछले साल आनलाइन टोकन सिर्फ तीस फीसदी काटे जा रहे थे। लेकिन इस बार सौ फीसदी टोकन आनलाइन कर दिए गए है। पहले दिन के 1611 टोकन में किसानों ने 1243 टोकन आनलाइन लिए है। किसान सोसायटी में भीड लगाने की झंझट से बचने स्मार्ट तरीके का उपयोग कर है। टोकन तुंहर द्वार का इस बार उपयोग बढा हैं।



दुर्ग। आलबरस केंद्र में पहुंचा नया बारदाना।

### ढाई माह में सिर्फ 46 दिन होगी खरीदी

किसानों को यह जानना जरूरी है कि, इस बार चौदह नवंबर से 31 जनवरी तक भले ही धान खरीदी की तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन इन ढाई माह में सिर्फ 46 दिन ही खरीदी होगी। इस बीच शनिवार और रविवार को खरीदी नही होती है, वही सरकारी अवकास के चलते गिनती के ही दिन रहेगें। ऐसे में जिले के पंजीकृत एक लाख 14 हजार किसानों से 64 लाख क्विंटल धान खरीदना चुनौती भी होगा।

**गाइड लाइन जारी : पीएम आवास योजना दो में किए गए कई बदलाव**

# पीएम आवास योजना में 31 अगस्त तक के निवासियों को मिलेगा मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 योजना लांच कर दी गई है। इस स्कीम के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दिए गए है। खास बात यह है कि, पूर्व में जहां 2015 के पहले निवासरत रहना जरूरी था, लेकिन इस नए स्कीम में 31 अगस्त 2024 के लोगों को दायरे में लिया जाएगा। गाइडलाइन जारी होने के बाद निगम प्रशासन द्वारा वार्डो में डोर टू डोर सर्वे कराया जाएगा।

भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) का क्रियान्वयन 1 सितम्बर 2024 से 5 वर्ष के लिए किया जाएगा। हितग्राहियों की सूची भारत सरकार के यूनिफाईड वेब पोर्टल पर दर्ज किये जाने हेतु रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य किया जाना है। राज्य शासन द्वारा 15 नवम्बर, 2024 से रैपिड असेसमेंट सर्वे प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है। पीएम आवास योजना में कई अहम बदलाव के साथ अब योजना के 2.0 भी शुरू हो गया है। जिसके तहत हितग्राहियों को कई फायदें होंगे। पीएम आवास योजना 2.0 के तहत सरकार का मकसद मध्यम वर्ग और शहरी गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता देना है। योजना के तहत शहरी क्षेत्र में किफायती दर पर मध्यम वर्ग के परिवारों को घर मुहैया करवाए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इसे राज्यों ने भी अपने यहां लागू करना शुरू कर दिया है।

## केंद्र सरकार ने लांच की योजना, आय का बढ़ा दायरा, वार्ड में सर्वे के जरिए लेंगे आवेदन

**खास बातें**

- मध्यम तबके को पहले प्राथमिकता
- लाभार्थी आधारित, भागीदारी किफायती आवास का मिलेगा लाभ



### राज्य सरकार को करना होगा एमओयू

पीएम आवास योजना 2.0 के तहत केन्द्र राज्यों के पिछले रवैय्ये से परेशान हो गई थी। जिसमें राज्यों द्वारा अपने हिस्से की राशि नही दी जाती थी और केन्द्र पर राशि जारी नही करने का आरोप लगाती थी। लेकिन अब इसमें कडाई करते हुए केन्द्र ने राज्यों से सहमति यानि एमओयू कराने का फैसला लिया है। एमओयू करने वाले ही राज्यों में यह योजना लांच होगी।

### इस तरह लागू होगें पात्रता

पीएम आवास योजना 2.0 के तहत देश में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए। इसके लिए सरकार ने कुछ पात्रताएं तय की हैं। जिनमें ईडब्ल्यूएस परिवार की सालाना 3 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। एलआईजी परिवार की सालाना इनकम 3 लाख रुपए से 6 लाख रुपए तक के बीच होनी चाहिए, वहीं एमआईजी परिवार की सालाना इनकम 6 लाख रुपए से 9 लाख रुपए तक होनी चाहिए।

### एक सितंबर के पहले खरीदे मकान पर सब्सिडी

पीएम आवास के लिए हितग्राहियों को ब्याज सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जाएगी, अगर वे एक सितंबर 2024 को या उसके बाद मकान खरीदे हैं। जिसमें ईओडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआई हितग्राही शामिल होगें। इन्हें सब्सिडी प्रदान की जाएगी। जिसमें वार्षिक पारिवारिक आय 9 लाख पर ही पहले किस्त में ब्याज सब्सिडी प्रति वर्ष 4 प्रतिशत होगी। वही 35 लाख के मकान के लिए अधिकतम ऋण राशि 25 लाख के मकान ही दायरे में आएंगे। अधिकतम कालीन क्षेत्र तक वर्ग मीटर में 120 होगी। केन्द्र और राज्य की सब्सिडी करीब साढे तीन लाख तक होगी।

### कराएंगे सर्वे

केन्द्र द्वारा पीएम आवास टू योजना लागू कर दी है। गाइडलाइन हो चुका है। आगामी दिनों वार्डो में सर्वे कराया जाएगा।

**-दिनेश नेताम,** ईई, नगरनिगम दुर्ग

## निगम ने नहीं लगाया प्लांट गंज चौक महमरा नदी में ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा अब तक कचरा निष्पादन करने के लिए प्लांट नही लगाया गया हैं। पोटियाकला में कचरा प्लांट लगाने का दावा करन वाली निगम ने अब तक इस ओर प्रयास ही नही किया है। हालात यह हैं कि, शहर से निकलने वाले कचरे को चौक चौराहों में फेंककर दुर्गंध फैलाई जा रही हैं।

कुछ दिन पहले नगरनिगम द्वारा महामरा नदी जाने वाले मार्ग पर कचरा फेंका जा रहा था। यह ग्रीन जोन एरिया निर्धारित है। नदी से लगे होने के बाद भी निगम ने यहां निजी जमीन पर कचरों को ढेर लगा दिया हैं। वही इधर एक बार फिर पुलगांव नाला के पास पुराने गौठान में कचरा डंप किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। विगत दिनों यहां बाढ के चलते कचरा नदी में बह गया था। जिसके बाद यहां कचरा फेंकना प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन निगम प्रशान ने यहां फिर से रोजाना सैकडों ट्रक कचरों का ढेर लगाया जा रहा है। कचरों का पहाड का रूप लेने लगा है, आसपास इलाको में बदबू से लोग परेशान हो गए है। निगम प्रशासन अब तक कचरों को व्यवस्थित करने कोई ठोस प्लान नही बना सकी है। जिसे लेकर लोगो में निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी सामने आ रही हैं।

### निगम की कार्यप्रणाली समझ से परे

नगरनिगम द्वारा पोटियाकला के ट्रैचिंग ग्राउंड में प्लांट डालने की तैयारी में थी। लेकिन इसके बाद प्रक्रिया को ही आगे नही बढाया जा रहा है। जबकि निगम के पास पुलगांव में भी खुद की जगह हैं, लेकिन यहां कचरा डालने से निगम ने परहेज कर लिया हैं। बताया जा रहा है कि, नाराज लोगों द्वारा अब निगम के खिलाफ एनजीटी से शिकायत करने की तैयारी में हैं।

# कुडो नेशनल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ को 122 पदक, जिसमें 27 गोल्ड मिले

**दुर्ग।** 5 नम्बर से 12 नवम्बर तक पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम गोडडोर रोड सूरत (गुजरात) में 15 वीं कूडो नेशनल टूर्नामेन्ट, 16 वीं अभिनेता अक्षय कुमार कुडो इन्टनेशनल टूर्नामेंट, एवं 5 वीं कूडो फेडेरशन कप टूर्नामेन्ट हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के 108 खिलाड़ी और 2 ऑफिशियल इस प्रतियोगता में हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों टूर्नामेन्ट में 27 गोल्ड, 37 सिल्वर, 58 ब्रोज मेंडल के साथ कुल 122 पदक जीत कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया। टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के 7 जिले के खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया, जिसमें दुर्ग के 50, कोरबा के 28, महासमुन्द से 18, बालोद जिले से 7, धमतरी से 2, गरियाबंद 5, रायपुर 1 खिलाड़ी शामिल हैं।दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड मेडल, 18 सिल्वर मेडल, 27 ब्रांज मेडल पर कब्जा किया। सीनियर महिला वर्ग में लीलिमा सोनी 3 ब्रोन मेडल, सीनियर पुरूष वर्ग भूपत साहू 2 ब्रोन्ज, 1 गोल्ड, मनीष कुमार साहू 2 सिल्वर, सबजूनियर बालिका वर्ग में सानवी चतुर्वेदी 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, नवया हियानिया 1 सिल्वर 2 ब्रोन्ज, दृष्टि शर्मा 2 सिल्वर, अरोही टिग्गा 2 ब्रांज, सुनीती बाग 2 सिल्वर, 1 ब्रोज, गीतेश्वरी 1 सिल्वर, चैश्वरी साहू 3 गोल्ड, दामिनी साहू 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, खिलेश्वर साहू 3 गोल्ड, जानवी देशमुख 1 ब्रोज, हिना ठाकुर 1 सिल्वर , तृप्ती साहू 1 ब्रोन्ज, सबजूनियर बालक वर्ग - पार्थ कौशिक 1 सिल्वर , ईशान सने, 1 सिल्वर, हर्शित सिन्हा 2 सिल्वर, रितवीक कुमार साहू 1 सिल्वर, प्रांजल यादव 1 ब्रोन्ज मेडल, देवेन्द्र निशाद 1 ब्रोन्ज, मोहित ठाकुर 1 ब्रोन्ज, मनीश कुमार साहू 1 ब्रोन्ज, प्रयांष कुमार साव 1 ब्रोन्ज, रत्नेष षमो 1 ब्रोन्ज, हिमांषु टंडन 1 सिल्वर थानेष्वर 1 ब्रोन्ज जूनियर बालक वर्ग में - अक्षत चंदेल 2 ब्रोन्ज, पेमेश्वर कौशिक 1 सिल्वर 2 ब्रोन्ज मैडल प्राप्त किया। कुडो इंडिया के हंसी मेहुल वोरा, जासमीन मकवाना अनुराधा सिंग, अध्यक्ष राजा कौशल आदि ने बधाई दी है।

- छत्तीसगढ़ के 108 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




# जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवम्बर को बीआईटी में होगा, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम 15 नवम्बर 2024 को भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) दुर्ग के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर दायित्व सौंपा। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन समयावधि में करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के आदेशानुसार उक्त आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री हेमन्त कुमार सिन्हा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल अधिकारी को माननीय सांसद, विधायक, अन्य सम्मानीय जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समाज प्रमुख को आमंत्रण। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग/धमधा/पाटन को स्थानीय जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके वंशजों की सूची उपलब्ध कराना, अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरण। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाने, टेंट एवं शेड की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, जनरेटर, पंखे कुलर की व्यवस्था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल में चिकित्सा व्यवस्था, जिला स्तर/विकासखण्ड स्तर/छात्रावास आश्रमों में प्रमुखों स्थानों पर निःशुल्क सिकलसेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को स्थानीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं जनजातीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण, नर्तक दल एवं मोमेन्टो, जलपान व्यवस्था इत्यादि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा/पाटन को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार (15-26 नवम्बर 2024), सभी चिन्हित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सतत विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा, अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णतः प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के जनपद प्रतिनिधि एवं सरपंच के आवागमन की व्यवस्था। उप संचालक उद्यानिकी विभाग को बुके एवं माला की व्यवस्था। जिला शिक्षा अधिकारी को मंच संचालन व्यवस्था। उप संचालक कृषि विभाग को अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को श्रम कार्ड वितरण। खाद्य विभाग को अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को राशन कार्ड वितरण।

- अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**बीस से बूथ में होंगे चुनाव, तीस नवंबर तक होगी प्रक्रिया पूरी**

# निकाय-पंचायत चुनाव : बूथ को मजबूत करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के पहले भाजपा बूथों को मजबूत करने में जूट गई हैं। आगामी बीस नवंबर से बूथ अध्यक्षों का चुनाव कराने के बाद मंडल स्तर का चुनाव कराने भाजपाई जूट जाएंगे। इन दिनों जिला संगठन के नेता गांव और शहर में कार्यकता सम्मेलन के जरिए चुनाव की प्रक्रिया बता रहे हैं, इस दौरान समन्वय से चुनाव कराने का भी प्रयास किया जा रहा हैं।

बहरहाल राष्ट्रीय स्तर से सिर्फ बूथ स्तर के चुनाव कराने के लिए गाइडलाइन जारी किए गए हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि, आगामी 21 नवंबर को दिल्ली में कार्यकर्ता सम्मेलन में आगे की चुनावी रणनीति तय की जाएगी। बहरहाल पहले चरण में प्राथमिकता सदस्यता और दूसरे में स्थाई सक्रीय सदस्यता अभियान जारी है। आगामी दिनों तीसरे चरण का अभियान होगा, जिसमें बूथ अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा। जानकारी अनुसार दुर्ग जिला संगठन के तहत 806 बूथ है। इन सभी बूथों में अध्यक्षो के चुनाव के बाद तेरह मंडल का चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद जिला फिर प्रदेश और अंत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होगें।

- कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए बता रहे चुनाव प्रक्रिया




### जहां पचास सदस्य वहां चुनाव

राष्ट्रीय नेतृत्व में साफतौर पर कहा है कि, बूथों में पचास की सदस्यता अनिवार्य है। क्योंकि इससे कम होने पर वहां चुनाव नही होगें। नेताओं ने बताया कि, ऐसी स्थिति में आपसी रायशुमारी या सर्वसम्मति से चुनाव कराने का प्रयास किया जाएगा। हांलाकि जिला संगठन के नेताओं का दावा हैं कि, जिले के 806 बूथों में ऐसा कोई बूथ नही है जहां पर पचास से कम सदस्य होगें। वैसे तो राष्ट्रीय स्तर पर बूथ में 200 सवस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था।

### सदस्यता अभियान में पीछे

संगठन चुनाव के लिए जिला स्तर, मंडल और बूथ स्तर पर चुनाव प्रभारियों की भी नियुक्त कर दी गई हैं। लेकिन जिला संगठन के कई नेता ऐसे है, जो अपना टारगेट तक हासिल नही कर पाए है। इसमे कई बडे चेहरे शामिल है, जो सदस्यता अभियान को लेकर जरा भी गंभीरता नही दिखा रहे है। जिला सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि, आगामी दिनों 21 नवंबर को प्रदेश और 25 को दिल्ली में कार्यशाला होगी। जहां बूथ के बाद मंडल और जिला संगठन की चुनाव तिथि तय होगी।

## पुलगांव नाला में दूसरे दिन भी चलता रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलगांव नाले पर अवैध अतिक्रमण के मामले सामने आने के बाद भी बुधवार को यहां निर्माण होता रहा। तामशबीन बना प्रशासन देखत रहा और अवैध निर्माण करने वाले मजे से कब्जा में लगे रहे।

बुधवार को भी निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल और भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान से कई लोगों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत की है। श्री दीवान का कहना था कि, उन्होने खुद ही निर्माण कार्य बंद कराया था। जबकि बुधवार को भी निर्माण कार्य चलता रहा। उल्लेखनीय है कि, पुलागांव नाले के आलावा शिवनाथ नदी के किनारे भी लगातार रिसार्ट के आड में नदी की जगह को कब्जा किए जाने की शिकायत आ रही हैं।

# सीईओ ने की मनरेगा एसबीएम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ द्वारा विगत दिवस 11 नवम्बर को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भारत सरकार के स्पष्ट निर्देश के तहत मनरेगा के नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट टैंक, मछली पालन तालाब एवं डबरी निर्माण, कच्ची- पक्की नाली, नाला निर्माण, कुआं, पशु आश्रय शेड, बायो गैस प्लांट, वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा कलेक्शन कर वसूली आवश्यक है क्यों कि स्वच्छताग्राही बहनों द्वारा कचरा कलेक्शन सप्ताह में 3 दिन किया जाना है जिसके लिए पंचायत के सरपंच, सचिव एवं कर निगरानी की टीम बनाई जाए तथा कर वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों के रख-रखाव के लिए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ के माध्यम से लगातार जानकारी देने कहा।

- जिले में स्वच्छता अभियान की सीईओ ने ली जानकारी

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर में हरि कीर्तन, यज्ञ व भंडारा कल

**भिलाई।** उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष पर कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी है। इस वर्ष हरि कीर्तन के साथ यज्ञ एवं महा भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रमों की शुरुआत 15 नवंबर की सुबह 7 बजे से होगी। पूरे दिन कार्यक्रम चलने के बाद शाम 7 बजे समापन होगा। इस अवसर पर पूरे दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि चावल, दाल, घी, दूध, सब्जी इत्यादि का दान कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर भगवान के विशेष श्रृंगार के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### अनिल कुमार मुदाफरे



**भिलाई।** रामनगर सुपेला निवासी अनिल कुमार मुदाफरे उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन 11 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे बेले कोल्ड टायर रिट्रेड कंपनी के पदाधिकारी थे।

### हरजिंदर सिंह भाटिया



**भिलाई।** रामनगर, भिलाई निवासी 65 वर्षीय हरजिंदर सिंग भाटिया का निधन 13 नवंबर को सुबह हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 नवंबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सरबजीत सिंग भाटिया के पिता थे।

### पीएस सारम्मा



**भिलाई।** सेंट्रल एवेन्यू क्वाटर नंबर 9 बी नंदिनी टाउनशिप निवासी पीएस सारम्मा का निधन हो गया। जिनका अंतिम यात्रा घर से सुबह 11 बजे 15 नवम्बर को पोटिया रोड कब्रिस्तान वार्ड 12 के लिए निकलेगी। स्व. पीएस सारम्मा अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। इनके पांच बच्चें है। वे नगर पालिका परिषद अहिवारा पार्षद स्टालिन सामुवेल की मां थीं।

### सक्रिय सदस्य बनाने में जोर शोर से जुटे दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर

# शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने से पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई, धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर-घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया, जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी की सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा और राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे। शासन की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन, कन्हैया साहू, शीतला राजपूत, नीलम गड़े, विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, ममता चंद्राकर, संगीता रजक, सुनीता वर्मा, मनमोहन साहू, दुर्गेश साहू, विक्की चंद्राकर, केशव महिपाल, विनय गुप्ता, पंकज साहू, अभिषेक कुमार, तोषण तारक, पिंटू, महेंद्र चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बीजेपी पार्टी बनना पीढ़ियों की तपस्या का है फल**



आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढ़ियों की तपस्या रही है। विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है। हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है। हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा। बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है।

# खुमान साव स्मृति अलंकरण मिलने पर दुष्यंत का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ तरीघाट में वार्षिक मड़ई मिलन समारोह का किया आयोजन

पाटन ब्लॉक के पुरातात्विक ग्राम तरीघाट में वार्षिक मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रात्रि कालीन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम दुष्यंतर्म कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति हुई। इस प्रस्तुति से पहले ग्राम पंचायत तरीघाट के सरपंच अशोक साहू एवं पंचों के द्वारा रंग झरोखा के संचालक दुष्यंत हरमुख को राज्य सरकार के द्वारा कला संस्कृति के क्षेत्र में खुमान साव अलंकरण सम्मान दिए जाने पर उनका सम्मान भी किया गया। इसके अलावा रंग झरोखा की प्रसिद्ध लोक गायिका रिंकी देवांगन का भी सम्मान किया गया। दोनों ही कला विभूतियों को छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच अशोक साहू, नंदनी गोस्वामी उपसरपंच, पंचगण देवगन साहू, रेखा साहू, मीना सिन्हा, गंगा राम साहू सहित ग्राम के नागरिकों के अलावा आसपास के ग्रामों से कार्यक्रम देखने पहुंचे हजारों दर्शक मौजूद थे।

# वरिष्ठ प्राध्यापकों को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाकर कॉलेजों में पद स्थापना करना सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ शासकीय कालेज जामगांव आर में डॉ शिखा ने प्राचार्य पदभार संभाला

छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार ने कॉलेजों में प्राचार्य पूर्ति करने के लिए वरिष्ठ प्राध्यापकों को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाकर कॉलेजों में प्राचार्य की मांग पूर्ति कर कंठ मुक्त सराहनीय कदम उठाया। जिसके तारतम्य में शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव आर में प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने पदभार संभाला। प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे ने पुष्पगुच्छ भेंटकर प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल का स्वागत किए। इस अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि डॉ. शिखा अग्रवाल साइंस कॉलेज दुर्ग में अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष थीं। पदोन्नति प्राप्त कर शासकीय कॉलेज जामगांव आर की फूल फ्लैस प्राचार्य बनकर पदभार ग्रहण किया है।



उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार बनने के बाद नरेश केला की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति के प्रथम बैठक में गत माह प्राचार्य की मांग प्रस्ताव लिया गया और एक माह में प्राचार्य की मांग पूरी होना काबिले तारीफ है। पालकों और विद्यार्थियो में हर्ष व्याप्त है। जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि नवपदस्थ प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल को बधाई, लंबे वर्षों बाद शासकीय कॉलेज जामगांव आर में प्राचार्य का पदभार ग्रहण करना हर्ष का विषय है विष्णुदेव प्रदेश सरकार को प्राचार्य मांग पूर्ति के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

श्री केला ने कहा कि संस्था में प्राचार्य की महती भूमिका होती है स्टॉफ और स्टूडेंट पर नियंत्रण बनने से परिणाम अनुकूल होती है।निश्चित तौर पर प्राचार्य का भरपूर लाभ कालेज को मिलेगा।उन्होंने कहा कि जनभागीदारी की प्रथम बैठक सार्थक रही । शासकीय कालेज जामगांव आर में भूगोल के अनुभवी वरिष्ठ प्राध्यापक नीता कुंभारे है लंबे अरसे से प्रभारी प्राचार्य का दायित्व निर्वहन करने अध्यापन के लिए समय नहीं दे पा रहे थे वैकल्पिक व्यवस्था भूगोल के लिए किया गया था जिसका आर्थिक भार भी समिति पर पड़ता था। अब समिति का आर्थिक लोड भी कम होगा और नीता कुंभारे जैसे वरिष्ठ प्राध्यापक का सीधा लाभ विद्यार्थियो को मिलेगा। जिससे विद्यार्थियो में हर्ष व्याप्त है। जनभागीदारी समिति सदस्य मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि कॉलेज में प्राचार्य आने से स्वमेव नियंत्रण बढ़ेगा। प्राध्यापक एवं स्टॉफ और स्टूडेंट का आगमन निर्गमन उपयुक्त समय पर होगा सभी विषयों की कक्षाएं सुचारू रूप से चलेगी। तो निश्चित है रिजल्ट अच्छा आयेगा। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी की प्रथम बैठक में इसी बिंदुओं पर गहन विचार मंथन हुआ था। संयोग और सौभाग्य की बात है कि बैठक के एक माह में प्राचार्य पदभार ग्रहण कर लिए।इसके लिए भाजपा प्रदेश सरकार को साधुवाद। वहीं पदभार ग्रहण के समय स्टॉफ प्राध्यापक आरके तिवारी, ऐश्वर्य सिंह ठाकुर, चेतना सोनी, डॉ. एके तिवारी, डॉ संतोष पांडेय, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, गिरीश पांडे आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांक: 202410100700247/**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषयः-27, सनः-2024-2025, दुर्ग (पह न.00019)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार ना. बा. हर्ष पटेल, ना. बा. पूजा पटेल, बंशीधर पटेल, ओंकार पटेल, रमा पटेल, गैंदु पटेल, लोचन पटेल, अनावेदक पक्षकार - ओंकार पटेल, रमा पटेल, ना. बा. हर्ष पटेल, लोचन पटेल, ना. बा. पूजा पटेल, बंशीधर पटेल, गैंदु पटेल

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बंशीधर पटेल पिता स्व. मंगतुराम पटेल निवासी बैगापारा, गोपाल मंदिर के पीछे, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 946/3, 952/1, 957/2 रकबा क्रमशः 0.0360, 0.400, 0.081 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम से भूमि स्वामि हक में दर्ज है। आवेदित भूमि आवेदक का एवं अनावेदकगणों ओंकार पटेल, रमा पटेल, गैंदु पटेल, का एक हिस्सा होता है एवं श्रीमती लोचन पटेल एवं नाबालिग हर्ष पटेल, नाबलिग पूजा पटेल का एक हिस्सा होता है, जो सम्पूर्ण भूमि का आधे हिस्से के स्वामी है। सम्पूर्ण भूमि कुल 02 हिस्से में विभाजित हो सकता है, तथा आवेदक अपने हिस्से को उन्नत कर रखा है, आवेदक को लगाई गई लागत के अनुसार भूमि का 02 पृथक-पृथक हिस्सों में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/11/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/10/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) पंचराम सलामे
तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)







## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उदय पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया राज्योत्सव




**भिलाई।** उदय पब्लिक स्कूल जामुल में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापाना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य का नक्शा बनाकर छात्रों को छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास एवं जनजातियो के बारे में बताते हुए छत्तीसगढ़ की मुख्य भाषाओं के बारें में बताया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और नृत्य शैली को प्रस्तुत करते हुए छात्र छात्राओं द्वारा सुवा, करमा, ददरिया, पंथी, राउत, नाचा, बिहाव गीत, आदि का प्रदर्शन किया गया। अंत में राजकीय गीत गाकर कार्यक्रम का समापना किया गया। उदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्या तस्नीम फातिमा की अध्यक्षता व शिक्षकों के सहयोग और छात्रों की उपस्थिति में यह कार्यकम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर समिति के माध्यम से धान खरीदी करने का कार्य किया जायेगा। वृहत्ताकार साख सेवा समिति के द्वारा धान खरीदी किया जायेगा। धान खरीदी के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी आनलाइन टोकन पद्धति अपनाया जायेगा। किसानों द्वारा लिए गए टोकन 48 घंटे के लिए ऑनलाइन रहेगी। सहायक समिति प्रबंधक रोमन वैष्णव ने बताया कि समिति में अभी तक कुल 35000 बारदाने पहुँच चुके हैं। जिसमें 15000 बारदाने पुराने और 10000 बारदाने नये सेलूद समिति में लाये जा चुके हैं। तौल के लिए दो कांटे की व्यवस्था रखी गई है। 14 नवम्बर को सुबह 8 बजे से ही धान खरीदी प्रारम्भ कर दी जायेगी। समिति के किसानों को सुविधा हो इस बात को ध्यान में रखकर खरीदी किया जाएगा। इस वर्ष धान खरीदी में पांच एकड़ तक के किसानों को दो बार टोकन व 5 एकड़ से अधिक वाले किसानों को 3 बार टोकन देने का प्रावधान रखा गया है। इसलिए मोबाइल से टोकन काटने वाले किसान सावधानी के साथ अपने धान बेचने टोकन कांटने होंगे। अलग-अलग खेतों में अलग किस्म के धान बेचने पर किसानों को समिति ले जाने में परेशानी होगी क्योंकि टोकन संख्या कम होने से अधिक मात्रा में धान बेचने ले जाना पड़ेगा। अपने 2 एकड़ में सरना 2 एकड़ में महामाया एक एकड़ में एचएमटी धान लगाया है तो उसे धान बेचने में दिक्कत होगी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

04



कैसाटा का कलेक्शन

लाइव इवेंट

## रुंगटा आर-1 ने जीता मैच, 78 रन बनाकर पुनीत कोसरे चमके



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल्याण कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। बुधवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहला मैच रुंगटा कॉलेज आर-1 और भिलाई तीन के मध्य खेला गया। मैच रुंगटा कॉलेज आर-1 ने सात विकेट से जीत लिया। भिलाई तीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 136 रन बनाए। इसमें इरफान ने 24 रन, युवराज ने 20 रन, सौरभ दीवान एवं आदित्य ने 14-14 रन की पारी खेली। रुंगटा कॉलेज आर-1 से गेंदबाजी करते हुए पुनीत कोसरे, सोहेल अहमद एवं रितेश चावड़ा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी रुंगटा आर-1 की टीम ने महज तीन विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य पा लिया। पुनीत कोसरे ने नॉट आउट 78 रन बनाए। सुमोबतो 15, ऋषभ शर्मा ने 13 रन बनाए। दूसरा मैच वैशालीनगर एवं बेमेतरा कॉलेज के मध्य खेला गया। वैशालीनगर कॉलेज ने यह मैच 34 रन से जीता। वैशालीनगर की टीम 98 रन पर आउट हो गई। जितेंद्र कुमार ने 19 रन, रोहित वर्मा ने 17 रन बनाए। बेमेतरा के गेंदबाज रमन सोनवानी एवं गणेश्वर ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी बेमेतरा की टीम 64 रन पर ढेर हो गई। मैच के अंपायर अनिल सिंह, सुनील कुमार डड़सेना, अशोक रिंगरी एवं टुमन लाल देवांगन थे स्कोरर विनोद देवघरे थे। मैच के दौरान प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा, मोहम्मद दाऊद अंसारी, सुनील त्रिवेदी, ईश्वर मोहम्मद तसलीम, परमजीत सिंह, जावेद अख्तर, वेंकटरमन, अमित श्रीवास्तव, अभिलाष जोशी, विक्रम दुबे उपस्थित थे।

- कल्याण कॉलेज मैदान ने आयोजित की जा रही प्रतियोगिता, बुधवार को खेले गए दो मैच

सिटी इवेंट

## अग्रवाल समाज के दिवाली मिलन में कवि सम्मेलन, हास्य कविताओं ने गुदगुदाया



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज ने दीपों का महापर्व दीपावली बड़े ही धूमधाम, हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अग्रसेन भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मशहूर कविगण डॉ. मयंक शर्मा, अजय अटपट्टू रायपुर, हीरामणि वैष्णव कोरबा, पद्मलोचन शर्मा राजनांदगांव जैसे कवि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन और मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सभी आमंत्रित कविगणों का स्वागत अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महासचिव ललित सेक्सरिया एवं कोषाध्यक्ष पंकज किरतुका ने किया।

सभी कवियों द्वारा हास्य और व्यंग की विविध विधाओं की अपनी रचनाओं से सभी श्रोताओं को बहुत गुदगुदाया और हंसाया। कवि सम्मेलन का संचालन बहुत ही मनोरंजक तरीके से अजय अटपट्टू द्वारा किया गया। दुर्ग के डॉ. मयंक शर्मा ने तो अपनी रचनाओं से सभी अग्रजनों को आत्मविभोर कर दिया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक विजय अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विनीत खेतान, दिनेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## चतुर्भुजी मंदिर धमधा में कार्तिक पूर्णिमा मेला कल, भजन-संध्या का भी आयोजन



**भिलाई।** धमधा से 5 किमी की दूरी पर शिवनाथ नदी तट किनारे पर स्थित 12वीं शताब्दी के प्राचीन चतुर्भुजी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा का मेला 15 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। सुबह 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में आयोजन की शुरुआत होगी। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर 16 खंड से निर्मित है, जिसमें भगवान विष्णु के सम्पूर्ण 12 अवतार का वर्णन है। धमधा के गोंड राजा ने नदी किनारे इसका निर्माण कराया गया है। मंदिर की मूर्ति काले पत्थरों से निर्मित है। मंदिर के समीप एक बावली है, जो अत्यंत मनमोहक है। ऐसा कहा जाता है कि बावली के नीचे सुरंग है, जिसके जरिए राजा नदी के आसपास शिकार करने आया करते थे। यह मूर्ति स्वयंभू मूर्ति है। पूर्णिमा के दिन स्नान कर इस मूर्ति का अभिषेक किया जाता है। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

### ● विश्व मधुमेह दिवस आज : सतर्कता ही बचाव, खानपान को लेकर ज्यादा अवेयर रहने की जरुरत

# डायबिटीज का बढ़ रहा खतरा, देश में हर 18वें व्यक्ति को शुगर की बीमारी, 7.50 करोड़ से ज्यादा बन चुके मरीज

14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे है। आज देश-दुनिया में सिर्फ शुगर की बीमारी की बात हो रही है। भारत इस बीमार का धीरे-धीरे हब बनता जा रहा है। देश के लगभग सभी हिस्सों में इस बीमारी के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों में इसे लेकर खासी चिंता है, इस बीमारी का अब तक कोई स्थाई इलाज नहीं मिल पाया है। डॉक्टरों की मानें तो दवा, संयमित जीवनशैली, खानपान और नियमित एक्सरसाइज से ही इस बीमारी को नियंत्रित रखा जा सकता है। डायबिटीज टाइप-1 और टाइप-2 तरह की होती है। भारत में टाइप-2 के मरीज ज्यादा हैं। देश में इस समय करीब 7.50 करोड़ शुगर की बीमारी के मरीज हैं। इस प्रकार हर 18वां व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित हो चुका है, यहां तेजी से बढ़ रही है। दुर्ग-भिलाई में भी इस बीमारी ने लोगों के बेचैन कर रखा है। लोग नीम-हकीम, एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद चिकित्सकों से लेकर अन्य के पास इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

अतुल अग्रवाल ▶▶भिलाई

डायबिटीज आज के समय की सबसे मुख्य लाइफस्टाइल बीमारी है। समय दर समय स्थिति गंभीर होती जा रही है। भारत में पिछले दस सालों में इस बीमारी ने लोगों को ज्यादा परेशान किया है। यह संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। भारत को वैश्विक स्तर पर डायबिटीज की राजधानी कहा जा रहा है। डायबिटीज एक में शरीर में इन्सुलिन नहीं बनता, शरीर पतला होने लगता है। यह प्रकार भारत में कम है। टाइप-2 डायबिटीज के मामले ज्यादा हैं। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में फास्ट फूड, शुगर युक्त पेय, बैठने वाली जीवनशैली के प्रचलन बढ़ने से मधुमेह के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसमें शरीर में इन्सुलिन तो होता है, लेकिन सही तरीके से काम नहीं करता। इसके लिए दवाओं का सहारा लिया जाता है। विशेष रूप से मोटे लोगों में यह बीमारी ज्यादा घर कर रही है। एक्सपर्ट डॉक्टर्स की मानें तो 70 से 80 प्रतिशत तक मामलों में इस बीमारी के सिमटम नजर नहीं आते, लोगों को किसी दूसरी परेशानी के बाद पता चलता है कि वे डायबिटिक हैं। इसलिए साल में कम से कम एक बार शुगर संबिधित जांच आवश्यक है।



### पूरी दुनिया में डायबिटीज के मरीज बढ़ रहे

डायबिटीज होने से मरीज को और बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है। मुख्य रूप से हृदय से जुड़ी बीमारी, मोटापा, लिवर, किडनी और ब्रेन से जुड़ी परेशानियां सामने आती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 2021 की स्थिति में 53 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज से प्रभावित थे। वर्ल्ड का औसत करीब 10 है। यानी हर 10 में एक व्यक्ति को शुगर की बीमारी है। माना जा रहा है कि 2030 तक 64 करोड़ से भी अधिक लोगों को डायबिटीज हो जाएगा। 2045 तक यह संख्या बढ़कर 78 करोड़ के पार हो जाएगी। इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति की स्मरण शक्ति कम होना, नजर कमजोर पड़ना, कमजोरी महसूस करने, काम करने की इच्छा न होना जैसी शिकायतें देखी गई हैं।

### एचबीए-1सी यदि 5.7 से 6.4 तो आप प्री-डायबिटिक

आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया कि शुगर की जांच इस समय हर व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गई है। इस जांच के माध्यम से हम अपने ब्लड में शुगर की मात्रा का पता लगा सकते हैं। प्री-डायबिटिक की श्रेणी में उन्हें रखा गया है, जिनका तीन महीने का औसत शुगर लेवल 5.7 से 6.4 के मध्य है। इससे ज्यादा यानि 6.5 या इससे ज्यादा होने पर व्यक्ति को डायबिटीज होना मान लिया जाता है। 5.7 से नीचे शुगर लेवल होने पर उस व्यक्ति को सामान्य माना जाता है, यानि उसमें डायबिटीज के लक्षण नहीं है। इसके अलावा खाने के पहले फास्टिंग और खाने के दो घंटे बाद यानि पीपी टेस्ट के जरिए भी शुगर लेवल की जांच की जाती है। दोनों ही स्थिति में शुगर की मात्रा क्रमशः 80-120 निर्धारित है।

### साधारण भाषा में डायबिटीज की बीमारी को ऐसे समझें

पैंक्रियाज या अग्न्याशय से जब ब्लड के माध्यम से पहुंचने वाला ग्लूकोज ऊर्जा के लिए इनसुलिन नहीं बना पाता, तो ऐसी बीमारी को डायबिटीज कहा जाता है। पैंक्रियाज पाचन तंत्र का एक अहम अंग है। सामान्य तौर पर इसमें पर्याप्त मात्रा में इनसुलिन रहता है, लेकिन जब हमारी दिनचर्या और खानपान सही नहीं रहता, तो किडनी, लिवर सहित अन्य अंग हमारे शरीर में मौजूद इनसुलिन का उपयोग शुरू कर देते हैं। ऐसी स्थिति में शरीर में बाहर से पहुंचने वाले ग्लूकोस से इनसुलिन बनने की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। हमें बाहर से इनसुलिन की जरुरत पड़ने लगती है। इधर ग्लूकोज शरीर में ब्लड के माध्यम से अलग-अलग घूमते रहता है, यही शुगर की बीमारी है, जो धीरे-धीरे हमारे शरीर के अलग-अलग हिस्सों को खराब करने लगता है।

### थोड़ी एक्सरसाइज और संतुलित डाइट से फायदा



अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी बनाकर आप आसानी से इस बीमारी से बच सकते हैं। आपको रोजाना थोड़ी एक्सरसाइज करनी चाहिए। अपनी डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप हेल्दी डाइट लेते हैं और सैचुरेटेड फूड का सेवन नहीं करते हैं, तो अधिकतर रिस्क कम हो जाते हैं। आपको रिफाइंड शुगर का सेवन भी कम से कम या बिल्कुल न के बराबर करना चाहिए। - **डॉ. राजेश सिंघल,** मेडिसीन विशेषज्ञ

### डायबिटीज का सबसे मुख्य कारण लाइफ स्टाइल



यह बीमारी लाइफ स्टाइल की वजह होती है। समय दर समय गंभीर होती जा रही है। भारत में यह बीमारी तेजी से बढ़ी है। भारत को वैश्विक स्तर पर डायबिटीज की राजधानी माना जा रहा है। डायबिटीज के दो अलग-अलग प्रकार हैं, टाइप-1 और टाइप-2, टाइप-2 के मामले हमारे यहां ज्यादा हैं।

- **डॉ. विशाल अग्रवाल,** विशेषज्ञ मधुमेह रोग

### शुगर के पेशेंट की किडनी में सबसे ज्यादा असर




लंबे समय से चली आ रही मधुमेह की बीमारी से किडनी को काफी नुकसान होता है। शुरुआत में इस नुकसान के कारण पेशाब में प्रोटीन की मात्रा दिखाई देती है। इसके बाद उच्च रक्तचाप, शरीर में सूजन जैसे कई लक्षण सामने आते हैं, जो सीधे तौर पर किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं। डायलिसिस कराने वाले हर तीसरे मरीज की किडनी खराब होने का कारण मधुमेह है।

- **डॉ. आरके साहू,** विशेषज्ञ किडनी रोग

## नादोत्सव आज से, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री विष्णु देव को किया आमंत्रित

**भिलाई।** जैन मिलन द्वारा संचालित जैन कला केंद्र सेक्टर 6 के तत्वावधान में 14 से 17 नवंबर तक स्वर्णिम जयंती समारोह नादोत्सव क आयोजन किया जा रहा है। इसे लेक जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडविया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया। समाज के प्रदीप बाकलीवाल ने केंद्रीय मंत्री को आचार्य संजय मुनि द्वारा दिए गए आशीर्वाद से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री संजय चतुर, भागचंद जैन, अनुपम जैन हित अन्य मौजूद थे। बाकलीवाल ने बताया कि जैन कला केंद्र 50वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस दौरान नादोत्सव 2024 एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जैन भवन सेक्टर 6 किया जाना तय किया गया है। 14 नवंबर को सुबह 9 स्वर एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति के साथ इस आयोजन की शुरुआत होगी। 15 नवंबर को कत्थक, सेमी क्लासिकल, गैर क्लासिकल डांस प्रतियोगिता होगी। 16 नवंबर की सुबह 9 बजे से भरतनाट्यम स्पर्धा का आयोजन होगा। 17 नवंबर को सुबह 10 बजे पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 1 लाख रुपए से ज्यादा के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

- 17 नवंबर तक कत्थक, भरतनाट्यम सहित अन्य क्लासिकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन



## जैन साध्वी ने किया पदविहार शहर में जगह-जगह स्वागत



**दुर्ग।** चातुर्मास के समापन के साथ जैन साधु-संतों ने पदविहार शुरू कर दिया है। बुधवार को साध्वी सौभाग्यवती ने पदविहार किया। इस दौरान जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। अमर हाइट्स में आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल भी आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचा। इस दौरान आप के अध्यक्ष संजय सिंह ने भी साध्वी से आशीर्वाद लिया। संजय सिंह ने साध्वी सौभाग्यवती के दर्शनकर श्रीफल अर्पित कर दुर्ग शहर के विकास और शांति के लिए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नगर गौरव छुलिका समक्षमति का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन साध्वी ने भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों से अवगत कराया। उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आप के महासचिव दिवाकर सिंह ठाकुर, रवि साहू, शंकर ठाकुर, आनंद नरेरा, राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### आईआईटी भिलाई में एसिडियन-प्रोक्लोरॉन सिम्बायोसिस में पेटेलामाइड्स के जैविक कार्य विषय पर परिचर्चा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। एसिडियन-प्रोक्लोरॉन सिम्बायोसिस में पेटेलामाइड्स जैविक कार्य विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में जर्मनी के हीडलबर्ग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पीटर कोम्बा प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने हिंदी और प्रशांत महासागर में मिली आकृतियों, पेटेलमाइड्स (अमीनों अम्ल) के जैविक कार्य पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि अमीनो अम्लों की छोटी श्रृंखलाओं को पेप्टाइड कहते हैं। कई पेप्टाइड मिलकर प्रोटीन का गठन करते हैं। प्रोटीन एवं पेप्टाइड में आकार का ही अंतर है। इसमें अमीनो अम्ल जिस बंध द्वारा जुड़े होते हैं, उसे पेप्टाइड बंध कहते हैं। प्रोटीन शरीर में ऊर्जा का सबसे प्रमुख स्त्रोत है और यह बहुत जरूरी है। हर किसी जीव को प्रोटीन की जरुरत होती है। वर्तमान समय में इस पर लगातार शोध हो रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में आईआईटी के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने बहु विषयक अनुसंधान के महत्व के बारे में बताया। साथ ही वर्तमान स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर जोर दिया।

## जर्मनी से आए प्रोफेसर पीटर कोम्बा ने हिंद और प्रशांत महासागर की आकृतियों और अमीनो अम्ल पर हो रहे शोध पर रखे विचार





### प्रोफेसर कोम्बा ने कई तकनीकी पहलुओं की दी जानकारी

व्याख्यान में प्रोफेसर पीटर कोम्बा ने "एस्किडियन-प्रोक्लोरॉन सिम्बायोसिस के अंतर्गत पेटेलमाइड्स के जैविक कार्य" के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि प्रशांत और हिंद महासागर में विभिन्न आकृतियों और आकारों के चक्रीय पेप्टाइड्स की विविधता और कई दाता सेट के साथ के एस्किडियन्स का उत्पादन करते पाया गया है। हालांकि उनका जैविक कार्य अब भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इन स्थूलचक्रों को जाना जाता है, जो स्थिर Cu(II) संकुल बनाते हैं। उन्हें संभवतः धातु आयन परिवहन, ऑक्सीजन सक्रियण, फॉस्फेट एस्टर हाइड्रोलिसिस, $CO_2$ स्थिरीकरण जैसे कार्य में शामिल करने का प्रस्ताव है।

### सिंथेटिक एनालॉग्स सीओ-2 को उत्प्रेरित करने में सक्षम

प्रोफेसर ने कहा कि उनकी टीम ने हाल ही में एक शोध किया है। इसमें पाया है कि सिंथेटिक एनालॉग्स है, जो $CO_2$ स्थिरीकरण को उत्प्रेरित करने में सक्षम है। यदि यह उनका जैविक कार्य होता है, तो ये कॉम्प्लेक्स पहला Cu-आधारित कार्बोएनहाइड्रेज़ होगा। उनकी शोध टीम का लक्ष्य विकास की अनुमति देने वाले अंतर्निहित तंत्र की पूरी तरह से जांच करना तथा कुशल $CO_2$ पृथक्करण (कार्बन कैप्चर) के लिए यौगिक है। व्याख्यान में विभागगाध्यक्ष डॉ. आर मयिलमुरुगन सहित अन्य प्रोफेसर और स्टूडेंट्स मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

आईआईटी भिलाई में संविधान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में परिसर समुदाय में संवैधानिक मूल्यों की भावना और लोकाचार को स्थापित करने के लिए, आईआईटी भिलाई ने भारत की संविधान सभा पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आईआईटी भिलाई समुदाय ने इसमें पूरे जोश के साथ भाग लिया। प्रदर्शनी में संविधान सभा की बैठक के ऐतिहासिक क्षणों की तस्वीरें शामिल हैं। यह प्रदर्शनी 26 नवंबर तक प्रदर्शित की जाएगी। यह प्रदर्शनी संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र द्वारा आयोजित की गई है।



## सिटी इवेंट

# संगीत जगत को मिलेगी नई ऊर्जा डॉ. ऋचा बनीं कॉलेज की प्राचार्य



**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में डॉक्टर ऋ चा ठाकुर ने प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण किया। वे शासकीय गर्ल्स कॉलेज में 30 वर्षों से अधिक समय तक सेवा देने के बाद अब इस महाविद्यालय के नेतृत्व की बागडोर संभालेंगी। उन्होंने भरतनाट्यम और कथक में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है और कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए हैं। उनके नाम कई पुस्तकें और शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. ऋ चा ठाकुर ने कहा कि कला शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी डॉ के पद्मावती का शाल, श्रीफल और पौधे से सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। उन्होंने महाविद्यालय में संगीत, नृत्य और नाटक जैसे विभिन्न कलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय परिवार ने उनके प्रयासों और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें मार्गदर्शक के रूप में सदा महाविद्यालय के साथ रहने का अनुरोध किया। मुख्य लिपिक यशवंत साहू ने समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का परिचय कराते हुए नए सहायक लिपिक धनराज भोयर का भी स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने भविष्य में महाविद्यालय में संगीत उत्पादन, संगीत चिकित्सा और संगीत प्रबंधन जैसे नए विषयों के साथ-साथ पीजी डिप्लोमा कोर्सेज को प्रारंभ करने की योजना बताई। वे शिक्षाविद् डॉ.देवेशदत्त मिश्र और डॉ.सुमन मिश्र की पुत्री हैं। कार्यक्रम में डॉ. निधि वर्मा, गजेन्द्र यादव, सर्वजीत बाम्बेश्वर, अपराजिता चटर्जी , डॉ. संगीता चौबे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## महाराष्ट्रीयन मित्र मंडल का दसवां स्थापना दिवस कार्यक्रम

# स्थापना दिवस पर दिखी संस्कृति और परंपरा की झलक रंगोली व ड्राइंग में लिया हिस्सा, महिला शाखा की घोषणा

**भिलाई।** महाराष्ट्रीय मित्र मंडल पटरी पार दुर्ग द्वारा मंडल का दसवां स्थापना दिवस कार्यक्रम शिव मंदिर प्रोफेसर कॉलोनी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज के बच्चों से लेकर सभी वर्गो के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें रंगोली व ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ ही कथक व विभिन्न शैलियों में नृत्य की शानदार प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। महाराष्ट्रीयन मित्र मंडल के दसवें स्थापना दिवस पर मंडल अध्यक्ष द्वारा एक महिला शाखा बनाने की घोषणा की गई, जो समाज में अपनी संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं को आधुनिकता के दौर में प्रभावशाली ढंग से विकसित करने का संकल्प लेकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दिव्या देशपांडे प्रोफेसर दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि शैलजा वाकणकर सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षिका और मंडल के वरिष्ठ सदस्य दिनेश बुलबुले को स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल देकर संस्था के सचिव अंकुश वासेकर, महिला सदस्य माधवी बक्शी, शिल्पा देशपांडे, प्रीति डबीर, दीपिका देशमुख, श्यामला वासेकर और शिल्पा गोखले के द्वारा किया गया।




### प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

स्थापना दिवस कार्यक्रम सुबह महिलाओं और बच्चों के द्वारा रंगोली एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता से शुरू हुआ। जिसमें सभी ने उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिता की समन्वयक शिल्पा देशपांडे और रंगोली व ड्राइंग प्रतियोगिता की निर्णायक संध्या कोरड़े, शैलजा वाकणकर और वंदना गोखले रहे।

### शमी पौधे से किया स्वागत दिया सालभर का ब्यौरा

कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत शमी पौधा देकर किया गया। इस दौरान गणेश वंदना विधि चौरे और सरस्वती वंदना वंदना गोखले द्वारा प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण महिला सदस्य संगीता इन्दूरकर ने दिया। संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन एवं सामाजिक गतिविधियों पर संस्था के अध्यक्ष सुबोध देशपांडे ने प्रस्तुत किया। संस्था के आय-व्यय का ब्यौरा मंडल कोषाध्यक्ष शिरीष वाकणकर की उपस्थिति में प्रफुल मंगल गिरी ने दिया। विशिष्ट अतिथि शैलजा वाकणकर ने सामाजिक संबंधों एवं संयुक्त परिवार पर विस्तृत जानकारी दी।

### महिला सशक्तिकरण की दी मिसाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ दिव्या देशपांडे ने कहा कि महाराष्ट्र की विशेषता को अपने साहित्यिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से महाराष्ट्र की सांस्कृतिक परंपरा में महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल दी है, इसके माध्यम से उन्होंने कुटुंब प्रयोजन पर अपने सारगर्भित विचारों से सबको ओतप्रोत करते हुए आज के दौर में भारत की महिमा और भारत विश्व गुरु बनने के लिये भरसक प्रयासों में छोटे छोटे समाजों का भी अमूल्य योगदान के विषय में जानकारी दी।

### यह रहे विजेता

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम राखी बोकारे, द्वितीय सोनाली कोलते, तृतीय मेघा मोहरिल एवं बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर समर्थ बोकारे, द्वितीय अनामिका त्रिपाठी और तृतीय स्थान पर अनन्या और आरुषि मोहरिल रहीं।

### रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विभिन्न शैलियों में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें लावण्या देशमुख ने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शमी पुष्प का पौधा देकर सम्मानित किया। गोखले ब्रदर्स अरुण और शेखर, वंदना गोखले, स्वाति, संगीता, मनीषा, अथर्व, शुमान्शू रावणहत्ते के द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का संचालन सुबोध देशपांडे और आभार प्रदर्शन सोनाली कोलते ने किया। इस दौरान श्याम डबीर, अरुण गोखले, चंद्रकांत, प्रफुल्ल, मंगल गिरी, चेतन, रवि, संजय वाकणकर एवं संस्था के कार्यकारिणी सदस्य सहित सभी उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# जीवन के संघर्षों का चित्रण करती माया-मधुसूदन पुस्तक का हुआ विमोचन




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक ज्ञान चतुर्वेदी की पुस्तक माया-मधुसूदन का विमोचन राउरकेला स्टील प्लांट के पूर्व सीईओ जीएस प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बीएसपी ओए के अध्यक्ष, सेफी चेयरमैन तथा एनसीओए के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, ओए महासचिव परविन्दर सिंह, साहित्यकार गोविन्द पाल एवं विनोद मिश्र तथा पुस्तक के संपादक दीपक रंजन दास भी मौजूद थे। यह पुस्तक श्री चतुर्वेदी के माता-पिता के जीवन संघर्षों का मार्मिक चित्रण करती है। तमाम विसंगितयों और आपदा-विपदाओं के बावजूद बच्चों की उच्च शिक्षा की उनकी जिजीविषा को रेखांकित करती है। पुस्तक के लिए लेखक को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि उन्होंने भी कई बार लिखने की कोशिश की पर कभी विचारों को समेट नहीं पाए। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये और इसे एक प्रेरणादायी कार्य बताया। इस अवसर ट्रिपल एम ने संगीतमयी प्रस्तुतियां भी दीं। युवा संगीतकार मानस एवं शिखर चतुर्वेदी, गार्गी तरफदार एवं डॉ रुचिर भटनागर तथा ट्रिपल एम के संयोजक ज्ञान चतुर्वेदी के अलावा गरिमा सिन्हा, संजय मोरे, अलका शर्मा, अंजना विनोद, भागवत टावरी, सतीश जैन, सुखबीर ब्रोका, अजय लोंधे, रजनी आर्य, नायडू ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

- बीएसपी के पूर्व महाप्रबंधक ज्ञान चतुर्वेदी ने लिखी पुस्तक

## नगर साहू समाज का कार्यक्रम

# श्री हरि व माता तुलसी का रचाया विवाह मंगल गीत के साथ निभाई रस्में



**भिलाई।** देवउठनी और दीवाली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन घासीदास नगर वार्ड 23 में नगर साहू समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आतिशबाज़ी कर दीप जलाएं और दीपावली पर्व की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। श्री कृष्णा कर्मा मंदिर प्रांगण में आयोजित दीवाली मिलन व तुलसी विवाह समारोह में बिहान मानस मंडली भिलाई नगर द्वारा विवाह गीत, दिवाली गीत व संगीत के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को उत्साह बढ़ाया। जिससे महिलाओं के द्वारा चूलमाटी, तेल माटी, देवतला, पाणिग्रहण, विदाई गीत, संगीत से तुलसी विवाह संपन्न कराया। वर पक्ष शालिग्राम देवता और वधू तुलसी माता सहित उपस्थित साहू समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होकर विवाह रस्मों को निभाया। इस दौरान कृष्ण व भक्त माता कर्मा की सामूहिक आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर साहू समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनबरसा, उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू, अभय साहू, कोषाध्यक्ष छंगू साहू, सचिव शंकर साहू, सलाहकार पंचमराम साहू, सहदेव साहू, वैद्य राज, युवा प्रकोष्ठ से राजू साहू मनोज साहू, जयदीप साहू, गौरव साहू, गेमन साहू, कृष्णा साहू, महिला प्रकोष्ठ से रुक्मणी साहू, संतोषी साहू, राजवती साहू, खेदिया साहू, लक्ष्मी साहू, नेहा साहू सहित काफी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की सहारना की। भगवान विष्णु और माता तुलसी को भोग अर्पण भोज राम साहू, नेहा साहू व खेदिया साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद का प्रसाद वितरण कर किया गया।

## गर्ल्स कॉलेज में आयोजन

# प्लेसमेंट अवेयरनेस कार्यशाला में बताएं रोजगार के टिप्स



**भिलाई।** शासकीय डॉ वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में बुधवार को प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेन्स सेल द्वारा प्लेसमेंट अवेयनेस प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी के पुरूषोत्तम ठाकुर ने छात्राओं को सामाजिक क्षेत्र एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर चुनने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर छात्राओं के हित में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिससे निश्चित ही छात्राएं लाभान्वित होती हैं। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल के संयोजक विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ अनिल जैन ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक कर उन्हें इसके लिये तैयार करना है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ सुषमा यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राएं उपस्थित थी।

**गर्ल्स कॉलेज में प्लेसमेन्ट पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित**

## धर्म इवेंट

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ विश्राम गीता पाठ कर की गई तुलसी वर्षा



**भिलाई।** रिसाली दशहरा मैदान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा का विश्राम हुआ। अंतिम दिन कथावाचक गोपिकेश्वरी ने बताया कि कैसे प्रभु भक्तों की भक्ति के अधीन होकर जीवों को स्वीकार करते हैं। समयंतक मणि की कथा बताते हुए, प्रभु के 16108 विवाह की लीला कथा और श्रीकृष्ण के प्यारे सखा सुदामा का चरित्र बताया गया। आज के समय में भगवान को पाने के इतने अलग अलग मार्ग क्यों चल रहे हैं तो इसका कारण क्या हैं और कौन से मार्ग पर चलकर जीव अपना कल्याण कर सकता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण उद्धव जी को बताते हैं । अपने-अपने रुचि के अनुसार अनेकों मार्ग चल रहे है लेकिन उद्धव मैं तो केवल एक भक्ति का ही मार्ग बताया हुं मुझे केवल भक्ति के मार्ग पर चलकर ही प्राप्त किया जा सकता है और कोई दूसरे मार्ग पर चलकर मुझे जानना ही जीव के लिए कठिन है। परीक्षित मोक्ष की कथा बताते हुए तुलसी वर्षा और गीता पाठ हुआ। फूलों की होली खेलकर भोग व आरती करते हुए कथा का विराम किया गया।

- रिसाली दशहरा मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

## युवा उत्सव वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती को किया समर्पित

# युवा उत्सवः मेहंदी व स्पॉट पेंटिग में दिखाई प्रतिभा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की थीम पर युवा उत्सव का आयोजन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में आयोजित किया गया। यह उत्सव अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके अवदानों को समर्पित किया गया था। विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमता, प्रशासनिक कौशल व साहस के लिये जाने, जाने वाली वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर को अपनी मेंहदी के रूप में हाथों में सजाया व अपनी कल्पनाओं को आकार दे उन्हें श्रद्धांजली दी। इस दौरान पोस्टर, ड्राइंग, तत्कालिक भाषण, वाद-विवाद सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिसमें चयनित हुये इन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।





### रंगोली, मेंहदी स्पॉट पेंटिंग में दिखी प्रतिभा

इस दौरान विद्यार्थियों ने अहिल्याबाई के कार्यो और उनकी प्रशासनिक कुशलता को पोस्टर, रंगोली, कोलाज, मेंहदी, स्पॉट पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से दर्शाया। जिसमें छात्रों ने अनाज व लकड़ी के बुरादे से मनभावन रंगोली बनाई व अपनी कल्पना से अहिल्या बाई होल्कर को सकार रूप दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में युद्ध में तलवार लिये घोड़े पर सवार वीरांगना को अपनी कल्पना का आधार बनाया व नारी शक्ति रूप को रेखांकित किया, कोलाज में विद्यार्थियों ने समाचार पत्रों और कटिंग से उनके जीवनी को उकेरा और वही मेंहदी के रूप में हाथों में सजाया व अपनी कल्पनाओं को आकार दे उन्हें श्रद्धांजली दी। पोस्टर के माध्यम से अहिल्याबाई की शक्ति तथा लचीलेपन का प्रतीक विषय पर कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरा।

### चयनित प्रतिभागियों को मिलेगा अवसर

कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में भूषण कुमार, पोस्टर मेकिंग में नंदिनी कर, ऑन द स्पॉट पेटिंग में जान्हवी ठाकुर, समूह गायन में प्रांजल देशमुख समूह, सुगम संगीत में गुनगुन ठाकुर, वाद-विवाद प्रतियोगिता में खुशी, विपक्ष में आदित्य पांडे, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में वंदना राव, लघुनाटिका में हिमांशु सेन एवं समूह विश्वविद्यालय टीम में चयनित हुए। युवा उत्सव में चयनित हुये इन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।


### वाद-विदाद करते हुए रखा अपना पक्ष

युवा उत्सव के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण लिखित था जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच प्रतिभागी शामिल हुए। द्वितीय चरण ऑडियो विजुअल था जिसमें प्रथम स्थान पर आदित्य पांडे, चाहत सिंग परिहार बीकॉम प्रथम वर्ष, के वंदना रॉव, बीसीए प्रथम वर्ष विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। ऑन द स्पाट पेटिंग में विद्यार्थियों ने वीरांगना का अपनी तुलिका से सजीव चित्र अंकित किये। तात्कालिक भाषण एवं एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता और स्कीट प्रतियोगिता में भी अपने अभिनय कला का लोहा मनवाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा उत्सव से अपनी प्रतिभा प्रदर्शन महाविद्यालय स्तर पर करते है बल्कि उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा-प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम प्रभारी मोनिका मेश्राम, निकिता देवांगन, हितेश सोनवानी, विजय मिश्रा, डॉ. अभिलाषा शर्मा, डॉ. सुनीता चंद्राकर, श्रीलथा के नायर, ज्योति मिश्रा, संयुक्ता पाढ़ी, मोहिनी शर्मा, योगिता लोखंडे, संजना सोलोमन, कामिनी वर्मा, समीक्षा मिश्रा थे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लूसी लियू ने 'चार्लीज एंजल्स' को लेकर कही दिल की बात



साल 2000 में आई मैकजी द्वारा निर्देशित हॉलीवुड फिल्म चार्लीज एंजल्स में ड्रू बैरीमोर और कैमरून डियाज के साथ लूसी लियू ने अभिनय किया था। यह फिल्म आज भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक है। चार्लीज एंजेल्स में निभाए गए लियू के किरदार को लेकर उन्होंने अपनी एक खास इच्छा जताई है। हॉलीवुड अभिनेत्री लूसी लियू ने हाल ही में खुलासा किया कि अगर चार्लीज एंजल्स फ्रेंचाइजी का एक नया रीबूट बनता है, तो वह अपने पुराने किरदार को दोबारा निभाने के लिए तैयार हैं। लूसी लियू ने चार्लीज एंजल्स के रोल को दोबारा निभाने पर जो अपनी प्रतिक्रिया दी है, उससे प्रशंसक यही कयास लगा रहे है कि क्या चार्लीज एंजेल्स फिर से बनाई जाएगी या फिर यह सिर्फ लूसी की दिली की इच्छा है, और कुछ नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में लूसी लियू ने कहा, ₹मैं कभी भी इस अवसर को नकारने वाली नहीं हूं। अगर मुझे फिर से उस किरदार को निभाने का मौका मिले, तो मैं इसे जरूर करूंगी।₹ लूसी लियू, साल 2000 की फिल्म 'चार्लीज एंजल्स' और 2003 की फिल्म 'चार्लीज एंजल्सः फुल थ्रॉटल' में एलेक्जा रेडमंड के किरदार में सभी का दिल जीत चुकी हैं। लूसी ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि फिल्म के रीबूट में उनकी वापसी दर्शकों के लिए एक रोमांचक पल हो सकती है। लूसी का कहना है कि चार्लीज एंजल्स का किरदार हमेशा उनके लिए खास रहा है और अगर चार्लीस एंजल्स को फिर से बनाया जाएगा।

### टॉलीवुड

## अगले साल इस दिन दस्तक देगी कनगराज-रजनीकांत की 'कुली'



लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी 'कुली' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मूवी में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, लोकेश कनगराज ने अभी तक दर्शकों को इसकी रिलीज की तारीख के बारे में अपडेट नहीं किया है। इसी बीच नवीनतम चर्चा उस अनुमानित रिलीज की तारीख को लेकर है जिसे निर्माता अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। आइए इस पर गौर फरमा लेते हैं- नवीनतम खबरों के अनुसार, रजनीकांत की मल्टी-स्टारर गैंगस्टर एक्शन ड्रामा 'कुली' के निर्माता फिल्म को 1 मई, 2025 को रिलीज करने के लिए तैयार हैं। फिल्म की चर्चा पहले से ही तेज है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि 'कुली' अपनी ओपनिंग पर तगड़ी कमाई करेगी। विशेष रूप से यह फिल्म लंबे समय के बाद निर्देशक लोकेश कनगराज की स्टैंडअलोन फिल्म भी है। निर्देशक की पिछली फिल्में 'कैथी', 'विक्रम' और 'लियो' उनके लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा थीं। लोकेश कनगराज हमेशा अपनी फिल्मों में एक मशहूर स्टार कास्ट को शामिल करने के लिए जाने जाते हैं। निर्देशक ने अपने प्रशंसकों से 'कुली' में सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने वाले कई बड़े नामों का वादा किया है। जैसा कि पहले घोषणा की गई थी, रजनीकांत फिल्म में देवा की भूमिका निभाएंगे। वहीं, तेलुगु स्टार अक्किनेनी नागार्जुन, 'मंजुम्मेल बॉयज' फेम सौबिन शाहिर, श्रुति हासन और कन्नड़ स्टार उपेंद्र जैसे कलाकार गैंगस्टर एक्शन ड्रामा का हिस्सा हैं। जानकारी के अनुसार, बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान फिल्म में एक महत्वपूर्ण कैमियो भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। 'कुली' एक ऐसे व्यक्ति की बदला लेने की इच्छा की दिलचस्प कहानी है, जो बचपन से शुरू होकर अराजकता और जटिलता के वर्षों तक जारी रहती है।

### भोजपुरी

## 'राजाराम' के बाद खेसारी की इस फिल्म में आएंगी नजर आकांक्षा



टीवी जगत में अच्छा-खासा नाम कमाने के बाद आकांक्षा पुरी अब भोजपुरी इंडस्ट्री में किस्मत आजमा रही हैं। वे खेसारी लाल यादव के साथ फिल्म 'राजाराम' में नजर आएंगे। फिल्म के 'चुम्मा चुम्मा' गाने में अपनी केमिस्ट्री दोनों कलाकार दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। इसके बाद आकांक्षा खेसारी की एक और फिल्म में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग शुरू कर दी है।

आकांक्षा पुरी एक्टर खेसारी लाल यादव की अगली एक्शन फिल्म 'अग्नि परीक्षा' में नजर आएंगी। उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू कर दी है और आज सेट से फैंस के साथ कुछ झलकियां भी साझा की हैं। आकांक्षा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस के साथ अपडेट साझा किया है। फिल्म का मुहूर्त हाल ही में पूरा हुआ, जिसमें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की कई जाने-माने सितारे शामिल हुए। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। आकांक्षा पुरी हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और अब वे भोजपुरी सिनेमा में किस्मत आजमा रही हैं। हाल ही में साझा की गई तस्वीरों में आकांक्षा भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ नजर आ रही है। फिल्म में खेसारी के साथ आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य किरदारों में नजर आएंगी। इसमें रोमांस, इमोशंस और एक्शन का जबर्दस्त डोज होगा।

### लाइफ स्टाइल

## कैसाटा का कलेक्शन



फैशन डिजाइनर रियानन कैसाटा ने डोमिनिकन यूनिवर्सिटी अमेरिका से अपनी डिग्री ली है। उनका सीनियर कलेक्शन ₹फुल ऑफ ग्रेस₹ शीर्षक से बेहद चर्चित हुआ है। यह मां को आदरांजलि के तौर पर उन्होंने पेश किया था। इसे उन्होंने डोमिनिकन यूनिवर्सिटी के स्प्रिंग फैशन शो, ₹एट द एज₹ में पहली बार प्रदर्शित किया। इसे दर्शकों ने भरपूर सराहा।

## सर्दी की शुरुआत में ही बालों में जमने लगी डैंड्रफ तो इस्तेमाल करें ये चीजें



सर्दियों की शुरुआत होते ही इसका असर लोगों की त्वचा पर दिखने लगता है। कई बार तो डैंड्रफ की वजह से ही लोगों को शर्मिंदा भी होना पड़ जाता है। इस इस समस्या का हल शुरुआत में ही नहीं निकाला गया तो ये गंभीर रूप ले लेती है, जिस वजह से कई बार तो डॉक्टर के पास तक जाना पड़ता है। ऐसे में आपको रूसी हटाने के कुछ उपाय जरूर जानने चाहिए।

**नींबू और नारियल तेलः** नींबू का रस डैंड्रफ को साफ करने में बहुत सहायक होता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नारियल तेल में थोड़ा नींबू का रस मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं और 20-30 मिनट बाद धो लें। यह स्कैल्प को पोषण देता है और डैंड्रफ को कम करता है।

सर्दी की शुरुआत में ही बालों में जमने लगा है डैंड्रफ तो इस्तेमाल करें ये चीजें

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में सहायक होते हैं। इसे स्कैल्प पर लगाकर कुछ देर छोड़ दें, फिर हल्के शैम्पू से बाल धो लें। यह स्कैल्प को ठंडक और नमी प्रदान करता है।

**टी ट्री ऑयलः** टी ट्री ऑयल में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को हटाने में सहायक हैं। ऐसे में आप नारियल तेल या जैतून के तेल में मिलाकर टी ट्री ऑयल को स्कैल्प पर लगाएं। यह डैंड्रफ को नियंत्रित करने में काफी प्रभावी है।

**दही और मेथीः** दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स डैंड्रफ को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप मेथी को रातभर पानी में भिगोकर रखें और फिर पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में दही मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें।

**सेब का सिरका :** एप्पल साइडर विनेगर स्कैल्प का पीएच संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और डैंड्रफ को दूर करता है। एक भाग एप्पल साइडर विनेगर को एक भाग पानी में मिलाकर स्कैल्प पर स्प्रे करें, 15-20 मिनट बाद बालों को धो लें। इससे भी बालों में जमा डैंड्रफ खत्म हो जाएगा।

## कोई भी साड़ी खिल उठेगी, जब साथ पहनेंगी ऐसी डिजाइन के ब्लाउज




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं घर में होने वाली पूजा-पाठ से लेकर शादी-विवाह तक में कैरी करना पसंद करती हैं। शादी-विवाह के साथ-साथ अब तो महिलाएं पार्टियों में भी साड़ी पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाती हैं।



बाजार में आपको हर दाम में साड़ी आसानी से मिल भी जाती है। खासतौर पर लड़कियां तो अपने लिए कम दाम वाली साड़ी ही खरीदना पसंद करती हैं, जिसे वो एक-दो कार्यक्रम में पहन लें।साड़ी खरीदना तो आसान होता है, मुश्किल होता है, इसके साथ पहनने के लिए ब्लाउज की डिजाइन का चयन करना।

यदि आप भी इसी दुविधा में फंसी हैं कि अपनी सस्ती साड़ी को महंगा कैसे दिखाएं तो उसके साथ आप अभिनेत्रियों के जैसे ब्लाउज पहनें। यहां हम आपको कुछ नई डिजाइन के ब्लाउज डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, जो आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

### स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्लाउज

आलिया भट्ट का ये ब्लाउज आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर सकता है। इसके लिए आपको ब्लाउज के आगे की तरफ स्वीटहार्ट नेकलाइन बनवानी है। वहीं ब्लाउज के बैक को बैकलेस रखकर एक बड़ी सी नॉट तैयार करानी है। ऐसा ब्लाउज तभी बनवाएं जब आपको सिर पर पल्लु न लेना हो।

### ट्यूब ब्लाउज

ग्लैमरस लुक कैरी करने में आलिया का ये ब्लाउज आपकी मदद करेगा। इसके लिए सिंपल सी साड़ी के साथ ट्यूब ब्लाउज तैयार कराएं। इसे तैयार करवाते वक्त फिटिंग का ध्यान रखें। गलत फिटिंग का ब्लाउज आपका लुक बिगाड़ सकता है।

### ऑफ शोल्डर ब्लाउज

यदि आप ट्यूब ब्लाउज पहनना पसंद नहीं करती हैं तो ऐसा ऑफ शोल्डर ब्लाउज पहनें। ऑफ शोल्डर ब्लाउज देखने में काफी प्यारा लगता है। इसे ब्लाउज की डिजाइन को खूबसूरत बनाने के लिए स्लीव में भी आप लटकन लगा सकती हैं।

## खोने लगा है चेहरे का निखार तो इस्तेमाल करें इन्हें, सर्दियों में भी खिल उठेगी त्वचा

नवंबर का महीना शुरू होते ही सर्दी के मौसम ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम के वक्त ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिसकी वजह से न सिर्फ लोगों की तबियत खराब हो रही है, बल्कि साथ ही में उनकी त्वचा भी रूखी और बेजान दिखने लगी है।

सर्दियों के मौसम में रूखी और बेजान त्वचा की समस्या हर दूसरे व्यक्ति के सामने आती है। यही वजह है कि लोग सर्दियों की शुरुआत से ही अपनी त्वचा पर खास ध्यान देने लगते हैं।

**गुलाब जल :** गुलाब जल हर किसी के घर में आसानी से मिल जाता है। इसके इस्तेमाल से चेहरा फ्रेश रहता है। सर्दियों के मौसम में यदि आप इसका इस्तेमाल करेंगे तो ये त्वचा को हाइड्रेट और नरम रखेगा।

**नारियल का तेल :** सर्दियों में नारियल का तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्के से नारियल तेल की मसाज करने से त्वचा नरम और मुलायम बनी रहती है। आप हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।



**शहद :** शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसे चेहरे पर 10-15 मिनट के लिए लगाकर धो लें। यह त्वचा को कोमल और चमकदार बनाता है। आप शहद को चेहरे पर हर दिन लगा सकते है।

**मलाई :** सर्दी के मौसम में चेहरे को नमी प्रदान करना बेहद जरूरी हो जाता है। मलाई में मौजूद फैट त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है। इसे हल्दी के साथ मिलाकर फेस पैक की तरह लगाएं। इससे आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनेगी।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल में त्वचा को ठंडक और नमी देने वाले गुण होते हैं।

## घर पर ही करें मिल्क फेशियल चांद सा चमकेगा आपका चेहरा

यदि आपको अचानक कहीं जाना है तो बिना पार्लर जाए घर पर ही आसान तरीके से मिल्क फेशियल करें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### पहले करें चेहरा साफ

मिल्क फेशियल करने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को हल्के क्लीजिंग मिल्क की मदद से अच्छी तरह साफ कर लें, ताकि आपके चेहरे का मेकअप और गंदगी हट जाए। इससे फेशियल ज्यादा असर दिखाएगा।

### अब बारी आती है मास्क की

चेहरे को साफ करने के बाद फेस मास्क तैयार करें। इसके लिए 2-3 चम्मच दूध में 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। यह मास्क आपकी त्वचा को हाइड्रेट करेगा और उसे सॉफ्ट बनाएगा। कुछ देर के बाद गुनगुने पानी से चेहरा गीला करें और चेहरे की मसाज करें। पांच मिनट मसाज करके चेहरा धो दें।



### मास्क के बाद चेहरे पर लगाएं दूध

फेस मास्क के इस्तेमाल के बाद अब थोड़ा सा ताजे दूध से चेहरे को हल्के हाथों से थपथपाएं, ताकि त्वचा को अतिरिक्त नमी मिले। इससे चेहरा खिल उठेगा।

कार्नर न्यूज

### शादी के दिन परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है आप पूछें सवाल

## ब्राइडल पैकेज बुक करने से पहले मेकअप आर्टिस्ट से पूछें जरूरी सवाल, तभी आपका लुक होगा परफेक्ट

*अपने लिए ब्राइडल मेकअप बुक करने से पहले ब्यूटिशियन से कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछना जरूरी है ताकि आपको अपनी शादी के दिन एक परफेक्ट लुक मिल सके। यहां ऐसे सवालों के बारे में हम बताने जा रहे हैं, जिनको पूछना बेहद जरूरी है। वैसे तो शादी का दिन लड़के और लड़की दोनों के लिए ही काफी खास होता है, लेकिन इस दिन को स्पेशल बनाने के लिए लड़कियों को ही ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। अपनी शादी वाले दिन सबसे खूबसूरत दिखने के लिए हर होने वाली दुल्हन महीनों पहले से तैयारी शुरू कर देती है। इसके लिए वो महीनों पहले से ही अपने कपड़े, ज्वेलरी तैयार करने लगती हैं।*



### ब्राइडल पैकेज में क्या शामिल है?

अपना ब्राइडल पैकेज बुक करने से पहले ये जरूर पूछ लें कि पैकेज में क्या-क्या शामिल है। जैसे मेकअप, हेयरस्टाइल, ड्रेस ड्रेपिंग, नेल आर्ट और मेहंदी आदि। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि पैकेज की कीमत के हिसाब से आपको कौन-कौन सी सेवाएं मिल रही हैं।

### क्या पैकेज में ट्रायल मेकअप शामिल है?

कई बार ब्राइडल पैकेज में ट्रायल सेशन शामिल होता है, जिससे आप अपने शादी के दिन का लुक पहले से देख सकें। पूछें कि क्या ट्रायल के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा और ट्रायल कब और कैसे किया जा सकता है। यदि ट्रायल पैकेज में हो, तो एक बार ट्रायल अवश्य लें।

### मेकअप कितनी देर तक टिकेगा?

ये सबसे अहम सवाल है क्योकि शादी में दुल्हन के चेहरे पर 12 घंटे से ज्यादा समय तक मेकअप लगा रहता है। ऐसे में ये सवाल जरूर पूछें। इसके साथ ये भी पूछें कि क्या वे सेटिंग स्प्रे या अन्य तकनीकें इस्तेमाल करते हैं ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

### किस तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स हैं?

बुक करने से पहले ही मेकअप आर्टिस्ट से पूछें कि वे किस ब्रांड के प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं। सुनिश्चित करें कि वे अच्छे और त्वचा के अनुकूल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ ही मेकअप किस तरह का होगा, जैसे एचडी या एयरब्रश मेकअप, इस बारे में भी पहले से पूछ लें।

### क्या शादी के दिन वेन्यू पर आकर मेकअप करेंगे?

यदि आपका मेकअप आर्टिस्ट वेन्यू पर आकर मेकअप करेंगे तो आपके ही समय की बचत होगी। ऐसे में पहले ही पूछ लें कि आर्टिस्ट वेन्यू पर आकर मेकअप कर सकते हैं और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क लगेगा या नहीं।

### कितने समय में मेकअप पूरा होगा ?

यह जानना जरूरी है कि आर्टिस्ट कितने समय में मेकअप पूरा करेंगे और शादी के दिन आपके लिए कितने समय के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे आप अपने समय को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर पाएंगे। क्या पैकेज में टच-अप किट शामिल है? शादी के दिन मेकअप को फ्रेश बनाए रखने के लिए टच-अप किट काफी काम आता है।

